मनमानी ठेकेदारों की मनमानी के चलते, तीन साल में नहीं बन सकी पानी की टंकी

पानी की समस्या से जूझ रहे सर्रा बंधी के वाशिंदे

नवभारत/नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा। विगत तीन साल पहले ग्राम पंचायत सर्रा बंधी में लाखों रुपए मूल्य की दो टंकियां स्वीकृत हुई थी लेकिन ठेकेदारों की चलती मनमानी पूर्ण कार्यशैली के चलते अभी तक टंकियों का निर्माण ना होने के कारण यहां के वाशिंदे बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। ग्राम की महिला सरपंच का कहना है कि पहले तो इन ठेकेदारों ने गांव की सभी सड़कें खोद डाली और निर्धारित मापदंडों को ताक पर रखकर ऊपर ही पाइप लाइन डाल दी जो इतनी घटिया किस्म की थी जहां तहां से टूटने लगी है। अनेकों बार पी एच ई विभाग के अधिकारियों को भी सूचित किया लेकिन आज कल करके ही आश्वासन दे दिया जाता है। उचित सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

बिगड़े डले हैंडपंप

ग्राम वासियों का कहना है कि गांव में लगभग छ: हेडपंप लगे हुए हैं इनमें दो हेडपंप बिगड़े हुए हैं ।शेष चार हेंडपंपो में पर्याप्त पानी नहीं निकल पाने के कारण लोगों को यहां वहां भटकना पड़ता है। घरेलू निस्तार के साथ मवेशियों को पानी पिलाने को लेकर खेतों पर ले जाकर काम चलाना पड़ रहा है। ग्राम वासियों ने शीघ्र सुधार की मांग की है।

संत श्री 1008 महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी इंद्रदेव सरस्वती महाराज का आगमन

नवभारत/गाडरवारा। आज नगर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ संत श्री 1008 महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी इंद्रदेव सरस्वती महाराज (वृंदावन वाले) का आगमन हो रहा है। इस पावन अवसर पर समस्त धर्मप्रेमी जनता, भक्तगण एवं गुरु अनुयायियों से सादर आग्रह है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त करें। स्थान- नूपुर कान्वेंट स्कूल परिसर, गाडरवारा दिनांक- शनिवार समय- सुबह 11:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक इस दौरान श्रद्धालुजन गुरुजी से भेंट कर आगामी नवंबर 2026 में आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक कार्यक्रम की रूपरेखा में सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं और अपना मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में गुरुजी के सानिध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ने पूरे नगर और क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत वातावरण निर्मित किया था। अब एक बार फिर नवंबर 2026 में गुरुजी के सानिध्य में एक विशाल धार्मिक आयोजन प्रस्तावित है, जिसे सफल बनाने हेतु आप सभी की सहभागिता और मार्गदर्शन आवश्यक है। आइए, अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन अवसर का लाभ लें और गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

नरसिंहपुर : सीएमएचओ के बयान पर भड़के पत्रकार

नवभारत/नरसिंहपुर। जिले में पदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के एक वायरल वीडियो को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वीडियो में सीएमएचओ द्वारा जिले के पत्रकारों पर नकारात्मकता फैलाने का आरोप लगाए जाने के बाद पत्रकारों में व्यापक आक्रोश देखने को मिला है। इसी संदर्भ में जिले के समस्त पत्रकारों ने एसडीएम को कलेक्टर परिसर में ज्ञापन सौंपते हुए कई गंभीर मांगें रखीं। पत्रकारों ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट कहा है कि यदि किसी विशेष पत्रकार पर आरोप हैं तो उसका नाम सार्वजनिक किया जाए, न कि पूरे पत्रकार समुदाय को कटघरे में खड़ा किया जाए। साथ ही उन्होंने सीएमएचओ से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने या अपने शब्द वापस लेने की मांग भी की है। मामले में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ङ्क्ष) द्वारा जारी पत्र पर भी पत्रकारों ने कड़ी आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि पत्र की भाषा से षड्यंत्र की दुर्गंध आती है, जिसकी वे घोर निंदा करते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सीएमएचओ द्वारा यह कहना कि पत्रकारों की वजह से डॉक्टर मरीजों का इलाज नहीं कर रहे और सीधे जबलपुर रेफर कर रहे हैं, पूरी तरह अनुचित है। पत्रकारों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी विभाग की है और उसकी विफलताओं का ठीकरा पत्रकारों पर फोड़ना उचित नहीं है। पत्रकारों ने जिला चिकित्सालय में पदस्थ सभी डॉक्टरों की सूची सार्वजनिक करने की मांग की है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि कई शासकीय डॉक्टर निजी क्लीनिक और नर्सिंग होम का संचालन कर रहे हैं। इस पर तत्काल प्रभाव से नियम अनुसार कार्रवाई करने और एक विशेष टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। विगत दिनों नीलेश मिश्रा की पुत्री शुभांगी की कथित गलत इलाज के कारण हुई मृत्यु के मामले में भी निष्पक्ष जांच की मांग उठाई गई है। पत्रकारों ने पूछा है कि संबंधित अस्पताल—जगदीश हॉस्पिटल—की अनुमति किस श्रेणी में है और वहां किस प्रकार का उपचार किया जा रहा है। साथ ही यह भी स्पष्ट करने को कहा गया है कि बच्ची का इलाज करने वाला नर्सिंग स्टाफ योग्य था या नहीं। ज्ञापन में जिले के सभी नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब और सोनोग्राफी केंद्रों की सूची सार्वजनिक करने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा बाहर से आने वाले डॉक्टरों की जानकारी साझा करने और निजी अस्पतालों में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ को नियम अनुसार वेतन दिलाने की भी मांग उठाई गई है। पत्रकारों ने प्रशासन से मांग की है कि इन सभी बिंदुओं पर पारदर्शिता बरती जाए और जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन रोकने वाले पत्रकारों के नाम इस प्रकार हैं विमल वानगात्री पंकज गुप्ता सतीश दुबे ताराचंद पटेल देवी प्रसाद बबलू कहार प्रीतम रजक विनय श्रीवास्तव संदीप दुबे ललित श्रीवास्तव संतोष दुबे गोविन्द चौरसिया पिंटू वर्मा गणेश प्रजापति आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

डॉ. कैलाश जाटव अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

नवभारत/गोटेगांव। लंबे इंतजार के बाद भाजपा ने खाली पड़े निगम मंडल और आयोग में नियुक्तियां जारी करने का कार्य शुरू कर दिया है। जिसके चलते पार्टी ने आदेश जारी कर विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के पूर्व विधायक डॉक्टर कैलाश जाटव को अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी हैं । गौरतलब है कि विधायक रहते हुए जाटव का कार्यकाल सराहनीय रहा इसके अलावा जब भी पार्टी ने उन्हें कोई जिम्मेदारी सौंपी , पूरी कर्मठता और निष्ठा के साथ उन्होंने निभाया है। संगठन ने उन्हें अब अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त कर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जिससे उनके समर्थकों व शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है साथ ही उन्होंने इस मौके पर कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको निष्ठा पूर्वक पार्टी द्वारा दिए जाने वाले निर्देशों का पालन करते हुए अपने दायित्वों को ईमानदारी से निर्वहन करुंगा।

भारतीय किसान संघ ने अधिकारियों के साथ की बैठक

नवभारत/गोटेगांव विगत दिवस भारतीय किसान संघ तहसील के कार्यकताओं ने अनुविभागीय अधिकारी संघमित्रा गौतम और विद्युत विभाग सहायक अभियंता संजय रघुवंशी सहित समस्त डीसी के कनिष्ठ अभियंताओं के साथ एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की, बैठक में लंबे समय से ज्ञापन के माध्यम से दिए गए विषयों पर गहन बातचीत किए जाने के उपरांत बहुत से सुधार कार्य जो बताए गए नहीं होने पर उस संबंध में चर्चा होने पर अधिकारियों ने सभी कार्यों को शीघ्र करने का का आश्वासन दिया, वर्तमान में किसानों की समस्याओं जले ट्रांसफार्मर खराब केबिल कम वोल्टेज़ झूलते तार झुके खम्भे नए ट्रांसफार्मर रखने आर वाय बी तारों को व्यवस्थित करने बैकफीड की व्यवस्था की जानकारी दी गई, जिन्हें शीघ्र ठीक करने की बात अधिकारियों द्वारा किए जाने के उपरांत अनुविभागीय अधिकारी महोदया ने किसानों के हित में पर्याप्त समय देकर अधिकारियों को निर्देशित कियाकि किसानों की सभी समस्याओं का तुरंत समाधान करें, साथही उन्होंने कहाकि किसान अटलज्योति से पम्प ना चलाएं, इससे घरों में कम वोल्टेज की समस्या आ रही।

सर्व मंगल कामना व विश्व कल्याण की चतुर्थ महायात्रा आयोजित

नवभारत/ गाडरवारा। नि:स्वार्थ भाव और परहित के उद्देश्य से किया गया कार्य, चाहे कितना भी कठिन क्यों न हो, अंतत: सहजता से पूर्ण हो जाता है। इसी भावना के साथ गाडरवारा के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सर्व मंगल व जनकल्याण की भावना से चतुर्थ महायात्रा संपन्न की गई। महायात्रा का शुभारंभ विगत अमावस्या को ककराघाट स्थित माँ नर्मदा नदी के तट पर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस दौरान नर्मदा जी एवं बेटियों का पूजन कर रेवा मैया का जलकलश भरकर यात्रा प्रारंभ की गई। यात्रा के प्रथम पड़ाव में सीकर स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर में पूजन-अर्चन किया गया। यहां श्रद्धालुओं के साथ सामाजिक सद्भाव को लेकर गोष्ठी भी आयोजित की गई। द्वितीय दिवस, पावन अक्षय तृतीया के अवसर पर यह यात्रा अरावली पर्वतमाला की दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित परशुराम महादेव मंदिर पहुंची। लगभग 3600 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पवित्र स्थल पर नर्मदा जल से भगवान परशुराम महादेव का अभिषेक कर सर्व मंगल एवं विश्व कल्याण की कामना की गई। महायात्रा का समापन पुष्कर में जगतपिता ब्रह्मा जी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। बसेड़िया ने बताया कि परशुराम महादेव मंदिर में प्राकृतिक गौमुख से निरंतर जल की बूंदें भगवान महादेव का अभिषेक करती रहती हैं, जबकि आसपास दूर-दूर तक कोई जलस्रोत नहीं है—जो इस स्थल की विशेषता को दर्शाता है। उन्होंने जानकारी दी कि सर्व मंगल व विश्व कल्याण की भावना से भगवान परशुराम जी के चार प्रमुख स्थलों की महायात्राएं पूर्ण की जा चुकी हैं— वर्ष 2023 में जानापाव (जन्मस्थली), वर्ष 2024 में टांगीनाथ धाम (फरसा स्थल), वर्ष 2025 में मोकामा (तपस्थली), तथा वर्ष 2026 में परशुराम महादेव मंदिर में चतुर्थ महायात्रा संपन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंने संदेश दिया कि सभी सुखी रहें, निरोगी रहें और समाज में आपसी सद्भाव के साथ जीवन यापन करें—इसी पावन कामना के साथ सभी महायात्राएं पूर्ण की गईं।

कलशयात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

नवभारत/तेंदूखेड़ा वैशाख मास के पावन अवसर पर संपूर्ण क्षेत्र में जगह जगह धार्मिक आयोजन जारी है।इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम ईश्वरपुर में प्रतिष्ठित बसेडिया परिवार के द्वारा शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री हित श्रेया किंकरी श्रेया किशोरी के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।23 अप्रेल से 29 अप्रेल तक चलने वाले इस आयोजन में वेदाचार्य पं पुरुषोत्तम राजोरिया के निर्देशन में अनुष्ठानात्मक विविध आयोजन एवं दोपहर 2 बजे से शाम 05 बजे तक संगीतमय कथा होगी।30 अप्रेल को भंडारे के साथ समापन किया जायेगा।

एक नजर में

भगवान चित्रगुप्त जन्मोत्सव के अवसर पर कायस्थ महासभा गाडरवारा द्वारा नगर में निकाली गई वाहन रैली

नवभारत/ गाडरवारा। कायस्थ समाज के आराध्य भगवान चित्रगुप्त जन्मोत्सव के अवसर पर कायस्थ महासभा गाडरवारा द्वारा नगर में एक विशाल एवं भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में विधि-विधान से पूजन के साथ हुई। पूजन के उपरांत रैली नदी मुहल्ला से प्रारंभ होकर झंडा चौक, पुरानी गल्ला मंडी, शुक्रवारा बाजार, शिवालय चौक, शक्ति चौक, महावीर भवन, पानी की टंकी, पलोटन गंज, स्टेशन रोड होते हुए प्रतिभा कॉलोनी मोड़ से वापस मंदिर परिसर पहुँची। रैली में भगवान चित्रगुप्त की आकर्षक झांकी के साथ बच्चों की सुंदर प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा के दौरान चित्रगुप्त जी के भजनों की मधुर स्वर लहरियां वातावरण को भक्तिमय बनाती रहीं। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा, जलपान एवं पानी के पाउच वितरित कर रैली का भव्य स्वागत किया गया। इस आयोजन में समाज के युवा, युवतियाँ, वरिष्ठजन एवं सैकड़ों महिलाएँ उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। रैली के समापन पर मंदिर में प्रसाद वितरण एवं फलाहार कराया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्था सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव ने सभी समाजजनों से सायंकाल आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया। पूरे आयोजन में कायस्थ समाज की एकजुटता और उत्साह देखने लायक रहा, जिसने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

चौरसिया समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 एवं 26 को

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। आगामी 25 एवं 26 अप्रेल को चौरसिया समाज का विवाह योग्य युवक युवती परिचय एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सागर में किया जा रहा है। प्रत्येक नव युगल को 21 हजार रुपए नगद राशि प्रदान की जायेगी ।साथ ही सामाजिक पत्रिका भी निकाली जाएगी तथा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जायेगा। राष्ट्रीय प्रांतीय कार्य समीति की बैठक भी आयोजित होगी ।सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति की अपील जीवेश चौरसिया कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा की गई है।

सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर 19 बसें जब्त

नवभारत,जबलपुर। परिवहन विभाग ने शहर में स्कूल बसों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया। परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा के नेतृत्व में संभागीय परिवहन सुरक्षा उड़नदस्ता टीम ने सघन जांच की। जांच के दौरान कई स्कूलों की बसों में जरूरी दस्तावेजों की कमी और सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाई गई। कार्रवाई करते हुए माउंट लिट्रा जी स्कूल की 12 बसें, रियान इंटरनेशनल स्कूल (शांतिनगर) की 5 बसें और सेंट जेवियर स्कूल (गुप्तेश्वर) की 2 बसें जब्त की गईं। हालांकि, इन बसों को सुपुर्दनामा पर छोड़ा गया ।प्रभारी राजेंद्र साहू ने स्कूल प्रबंधन को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि सभी बसों में निर्धारित सुरक्षा मानकों और आवश्यक दस्तावेजों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अन्यथा आगे और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गौ माता के सम्मान हेतु 27 को सौंपा जाएगा प्रार्थना पत्र

नवभारत/ गाडरवारा। नगर में गौ माता के सम्मान और संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत 27 अप्रैल 2026 को स्थानीय स्तर पर प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। यह अभियान देशभर की लगभग 5000 तहसीलों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाना, देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करना, केंद्रीय स्तर पर गौ सेवा मंत्रालय का गठन करना तथा चारा सुरक्षा नीति को लागू करवाना है। इसके साथ ही गौ आधारित कृषि को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 27 अप्रैल को प्रात: 10 बजे पानी की टंकी के पास स्थित गायत्री मंदिर परिसर में लोगों का एकत्रीकरण होगा। इसके पश्चात सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

भगवान चित्रगुप्त का श्रद्धा व उत्साह से मनाया प्रकटोत्सव

नवभारत/ गोटेगांव। विगत दिवस स्थानीय कायस्थ समाज द्वारा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान श्रीदेव चित्रगुप्त का पावन प्रकटोत्सव श्रीदेव शंकर भूतेश्वर मंदिर में पुजारीजी द्वारा विधिवत पूजनअर्चन करने के पश्चात समाज के समस्त कायस्थ बंधुओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर धर्मलाभ अर्जित किए जाने के पक्षात समाज के वरिष्ठजनों द्वारा सेवाएँ एवं श्रद्धा अर्पित करने के उपरांत श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किए जाने के पश्चात अनिल श्रीवास्तव द्वारा भगवान चित्रगुप्त को प्रसाद अर्पित करने के उपरांत समाज के चित्रांश बंधुओं को नाश्ते की व्यवस्था दिनेश श्रीवास्तव द्वारा करने के पक्षात भगवान चित्रगुप्तजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना करते हुए सभी सदस्य भावविभोर होने के तत्पक्षात मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान के कक्षा 5वीं 30वीं 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किए गए जिसमें अंश खरे पुष्पमालाओं से सम्मानित कर हार्दिक स्वागत किया।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 को

नवभारत/नरसिंहपुर। मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल 2026 को दो सत्रों में सम्पन्न होगा। पहला सत्र प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2:15 बजे से सायं 4:15 बजे तक होगी। आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार परीक्षा के समय वर्जित वस्तुएं का उल्लेख किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी नरसिंहपुर श्रीमती देवंती परते ने बताया कि सामान्यत: परीक्षाओं में ऐसा पाया गया है कि परीक्षार्थी अपने कपड़ों, कफलिंग, धूप का चश्मा, इलेक्ट्रॉनिक/सेंसर युक्त चश्में, चूते-मोजे, हाथ के बैंड इत्यादि में नाना प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग करते हैं। अत: परीक्षा में किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेंडर पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढंग कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में पेंसिल, रबर (रेजर) व व्हाईटनर एवं एसेसरीज जैसे वालों को बांधने का क्लचर/ बकल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक/ चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स/ वॉलेट, टोपी वर्जित है। हिजाब, पगड़ी, पल्ला, हाथ में बंधे धागे/ बंधन व ताबीज का सम्मानपर्वक सूक्ष्मता से परीक्षण किया जाएगा। धार्मिक धागे व महिलाओं के आभूषण (ज्वेलरी) उतारे नहीं जाएंगे।

परीक्षा कक्ष में वर्जित वस्तुएं

डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी नरसिंहपुर परते ने बताया कि परीक्षा के समय स्टेशनरी संबंधी सामग्री जैसे पेंसिल, रबर (इरेजर), व्हाइटनर, स्केल, बैग्स, पठन सामग्री, आई.टी. गैजेट्स व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, पेनड्राइव, कैल्कुलेटर, ब्लूटूथ, हैंडफी, डिजिटल घड़ी, स्मार्ट घड़ी, एनालॉग घड़ी, कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या कोई ऐसा उपकरण जो संचार उपकरण के रूप में उपयोग किए जाते हैं, वर्जित रहेंगे। इसी तरह एसेसरीज जैसे- वालों को बांधने वाला क्लचर, वक्कल, हाथ के बैंड/ हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक बैंड/ चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बैल्ट, कफलींक, धूप के चश्मा, पर्स/वॉलेट, टोपी और अन्य वस्तुएं जैसे चाबी, लाइटर्स/ माचिस बॉक्स, किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, शार्पनर, ब्लेड तथा अन्य कोई कीमती सामान साथ ही जूत-मोजे पहनकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित रहेगा।

परीक्षा के समय अनुमत वस्तुएं: उन्होंने बताया कि परीक्षा के समय परीक्षार्थी अपने साथ ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र, गोले बनाने के लिए निर्धारित स्याही का पेन, स्वयं का फोटो (यदि आवश्यक हो), पानी की पारदर्शी बॉटल, दिव्यांग परीक्षार्थियों के उनके लिए।

नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत शासकीय महाविद्यालय साईंखेड़ा में व्याख्यान माला आयोजित

नवभारत/ साईंखेड़ा। शासकीय महाविद्यालय साइंखेड़ा में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के द्वितीय चरण के अंतर्गत एक विस्तृत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं छात्रों को वित्तीय साक्षरता, कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा तथा कार्यस्थल पर लैंगिक समानता जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता वाणिज्य विभाग की प्रोफेसर वैष्णवी इंगोले ने वित्तीय साक्षरता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को अपने वित्तीय संसाधनों की पहचान कर उन्हें सही दिशा में उपयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे किसी न किसी स्वरोजगार या व्यवसाय से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें, ताकि वे अपने परिवार का संबल बन सकें और

बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं सुरक्षित भविष्य प्रदान कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक आत्मनिर्भरता महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाती है और उन्हें समाज में सशक्त स्थान दिलाती है। कार्यक्रम के अगले वक्ता हिंदी विभाग के डॉ. शिवा सहाय ने कानूनी अधिकारों, साइबर सुरक्षा एवं लैंगिक समानता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है, जिससे वे आवश्यकता पड़ने पर उनका सही उपयोग कर सकें। उन्होंने कार्यस्थल पर समानता की बात करते हुए कहा कि महिला और पुरुष दोनों को समान अवसर और सम्मान मिलना चाहिए तथा समान कार्य, समान व्यवहार के सिद्धांत का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने साइबर सुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए छात्रों को डिजिटल माध्यमों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार के अन्याय या भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाना प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है।

कार्यक्रम

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर घनश्याम दास कौरव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा की तैयारी के लिए समय-प्रबंधन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन और समय सारणी बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए, जिससे वे बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें। उन्होंने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रोफेसर तुलिका नागेश, डॉ. कौशल कुमार मिश्रा, डॉ. संदीप दीक्षित, डॉ. चंद्र उपस्थिति रही।

किसान के साथ व्यापारी ने की मारपीट, धांधली कर रहे व्यापारी

नवभारत/ गोटेगांव। नगर के स्थानीय नई कृषि उपज मंडी में तुलाई के दौरान हुए विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया, जब एक किसान ने काटे में अधिक तुलाई होने पर आपत्ति जताई। इस पर व्यापारी द्वारा किसान के साथ मारपीट किए जाने से मंडी परिसर में तनाव की स्थिति बन गई। घटना के बाद अन्य किसान भी आक्रोशित हो गए और मौके पर हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बताया गया है कि मामा ब्रदर्स के व्यापारियों द्वारा किसान के साथ मारपीट की गई है किसान के साथ आखिर कब तक ऐसे अत्याचार होते रहेंगे यह सवाल लोगों के बीच बना हुआ है। तत्पश्चात आक्रोशित किसानों ने एकजुट होकर कुछ समय के लिए तुलाई कार्य रुकवा दिया और विरोध जताया। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों व

व्यापारियों के बीच समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद तुलाई कार्य पुन: प्रारंभ हो सका। इस दौरान किसानों ने तुलाई प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं दोषी व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रशासन को लिखित आवेदन भी सौंपा। देखना होगा कि क्या इस व्यापारी पर कोई कार्यवाही होती है या किसान के साथ यूं ही अत्याचार होता रहेगा ।